दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः- 330
मुरादाबाद
25 March 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## BJP के आठ वर्षः 'किसान करता था सुसाइड, लोग बोलते जहां से गड्ढा शुरू वहीं से UP-...'

यूपी में योगी सरकार के आठ साल पूरे होने पर प्रदेश भाजपा उत्सव के रूप में मना रही है। इस मौके पर सोमवार से विविध आयोजन शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रेस वार्ता कर सरकार उपलब्धियां गिनाईं। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पत्रकार वार्ता की। इस मौके

पर उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने सरकार की %सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति% पर जोर दिया। सीएम योगी ने कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। पहले किसान आत्महत्या करता था। युवा के सामने पहचान का संकट था। प्रदेश में दंगे होते थे। अराजकता का माहौल था। आज प्रदेश वही है, तंत्र वही है, केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव महसूस किया जा सकता है। पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। आज देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। आज हर सेक्टर में यूपी देश के विकास में ब्रेक थ्रू के रूप में देखा जा रहा है।कृषि क्षेत्र में उपेक्षित था यूपी यूपी में प्रकृति की प्रचुर मात्रा में अवसर थे। हम इसको आगे बढ़ा सकते थे। 2017 से पहले किसान आत्महत्या करता था। कृषि सेक्टर में एक वीरानी छाई हुई थी। 2017 के बाद इस क्षेत्र में काफी बदलाव हुए हैं। कृषि विकास दर 13.5 फीसदी से अधिक हुई है। इससे प्रदेश के जीडीपी में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसकी शुरुआत हमारी पहली कैबिनेट में 36 हजार करोड़ की कर्जमाफी करके की गई। आज किसानों को पीएम किसान सम्मान योजना सहित हर योजना में धनराशि डीबीटी के माध्यम से जा रही है। सिंचाई क्षेत्र में व्यापक बढ़ोतरी हुई है। वर्षों से सिंचाई परीयोजनाएं लंबित पड़ी थीं। हमने इन्हें शुरू किया। आज आठ वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा किसानों को मिली। प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालयों का उन्नयन हुआ। एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की। 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई। प्रदेश इस सेक्टर में एक अलग स्पीड से आगे बढ़ा। 2017 से पहले चीनी उद्योग बंदी के कगार पर था। आंदोलन होता था। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रुपये बकाया था। चीनी मिलें बंद होती जा रही थीं। हमने तीन नई चीनी मिलों की स्थापना की। छह नई चीनी मिलों को पुनः संचालित किया। 38 मिलों का विस्तार किया। वर्तमान में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं।सीएम ने आगे कहा कि 2017 से अब तक दो लाख 80 हजार करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया। पिछली सरकारों के 22 वर्ष के कुल भुगतान से 60 हजार करोड़ से ज्यादा भुगतान हमने आठ वर्ष में किया। पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाकर लगभग 86 हजार किसानों के जीवन मे बदलाव लाया गया। 14 लाख निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने का कार्य किया। 2017 से पहले हर जगह बिचौलियों का बोलबाला था। 2017 से 2023 तक गेंहू क्रय का भुगतान हमने ढाई गुना ज्यादा (तीन हजार 424 करोड़) भुगतान किया। धान के क्रय में 88 हजार करोड़ 746 करोड़ डीबीटी के माध्यम से दिया गया। सरकार ने 32 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को बाढ़ से बचाने का कार्य किया। प्रदेश में निराश्रित गोवंश के लिए 7700 से अधिक गो आश्रय स्थल में 12 लाख 50 हजार से अधिक गोवंश का संरक्षण सरकार स्वयं कर रही है। साथ ही सहभागिता योजना के माध्यम से एक लाख पांच हजार पशुपालकों को एक लाख 63 हजार गोवंश उनकी सुपुर्दगी में दिया गया। इसके लिए सरकार 1500 रु प्रति गोवंश प्रति माह दे रही है। 2017 के पहले कानून व्यवस्था का संकट था। युवा के सामने पहचान का संकट था। महाकुंभ में बेहतर कानून व्यवस्था का उदाहरण दिखा। 45 दिनों के आयोजन में कोई अपराध, लूट, छेड़छाड़, अपहरण कोई भी घटना नहीं हुई। आने वाले श्रद्धालुओं के मन मे कोई असंतोष का भाव नहीं दिखा।सीएम ने कहा कि प्रदेश वही है। आठ वर्ष में सरकार ने पुलिस बल को एक सिस्टम के साथ जोड़ा। 2017 में हमारी सरकार आने पर पुलिस बल में डेढ़ लाख से ज्यादा पद खाली थे। सरकार की नीयत पर जनता और न्यायालय को संदेह था। सरकार ने एक लाख 56 हजार पुलिस कार्मिकों की भर्ती की। साथ ही मौजूदा समय ने 60 हजार 200 से अधिक नए पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की। उन्हें जल्दी ट्रेनिंग मिलेगी। यूपी ने गरीब कल्याण क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। 15 करोड़ प्रदेशवासी मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। 56 लाख जनमानस को आवास की सुविधा दी गई। एक करोड़ छह लाख महिला वृद्धजनों को पेंशन मिल रही है। डीबीटी के माध्यम से पैसा पहुंचाने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। नए वित्त वर्ष में हम ज़ीरो पावर्टी स्कीम लॉन्च करने जा रहे हैं। पहले गड्ढे से प्रदेश की पहचान होती थी। आज आप गूगल करेंगे तो सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाले प्रदेश के रूप में यूपी का नाम आता है। यूपी में सबसे ज्यादा मेट्रो का संचालन हो रहा है। देश की पहली रैपिड रेल संचालित हो रही है।2017 से पहले यूपी डेढ़ एक्सप्रेसवे का राज्य था। लखनऊ में आधी अधूरी मेट्रो थी। आज हम स्टेट डेवलपमेंट रीजन सृजित करने जा हैं। लखनऊ के आसपास स्टेट कैपिटल रीजन सृजित करने जा रहे हैं। ऐसे ही वाराणसी, कानपुर के आसपास काम होने जा रहा है। 1947 से 2017 तक एक लाख 28 हजार 494 मजरों तक बिजली पहुंचाई गई थी। पिछले आठ वर्ष में यह संख्या बढ़कर दो लाख 49 हजार 818 मजरों तक हो गई है। एक लाख 21 हजार मजरों में हमने सिर्फ आठ वर्ष में विद्युतीकरण किया। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 2017 से पहले मात्र 228 मेगावाट की परियोजना क्रियाशील थी। हमने आठ वर्षों में 2653 मेगावाट की सौर ऊर्जा का उत्पादन किया। यूपी निवेश में पूंजी को सुरक्षित रखने वाला राज्य है। आने वाले समय में यूपी निवेशकों में एक ड्रीम डेस्टिनेशन बनने की ओर है। आजादी से 2017 तक सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज थे। आठ वर्षों में 80 मेडिकल कॉलेज बने। इसमें 44 सरकारी व 36 निजी मेडिकल कॉलेज बने। पहले नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज में ताले लटकते थे। आज बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं संचालित हैं।

### संक्षिप्त समाचार

**अखिलेश ने रामजीलाल के बयान का किया समर्थन, बोले- बाएं पैर के अंगूठे से हुआ शिवाजी का अभिषेक**

संसद में रामजीलाल सुमन ने कहा था कि भारतीय मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानते। वे पैगंबर मुहम्मद और सूफी परंपरा का पालन करते हैं। लेकिन, मैं पूछना चाहता हूं कि बाबर को यहां कौन लाया? राणा सांगा ने ही बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए आमंत्रित किया था।राजधानी लखनऊ में रविवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राणा सांगा पर दिए राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के विवादित बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा नेता औरंगजेब पर चर्चा करने के लिए इतिहास को पलट सकते हैं, तो रामजीलाल ने भी इतिहास के एक पन्ने का जिक्र किया है। दरअसल सांसद ने 21 मार्च को राज्यसभा में बोलते हुए राणा सांगा को %देशद्रोही% करार दिया था। कहा था कि हिंदू उनके वंशज हैं।भाजपा ने रामजीलाल सुमन के बयान का विरोध किया। अब अखिलेश यादव उनके बयान के समर्थन में उतरे हैं। इस पर भाजपा ने अखिलेश को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह पूरे हिंदू समुदाय का अपमान है। सपा मुखिया पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया। कहा कि उनकी टिप्पणी समाजवादी पार्टी की %हिंदू विरोधी% मानसिकता को दर्शाती है।रामजीलाल सुमन ने संसद में कहा था कि अगर मुसलमानों को बाबर का वंशज कहा जाता है, तो हिंदू गद्दार राणा सांगा के वंशज होने चाहिए। हम बाबर की आलोचना करते हैं। आलोचना क्यों नहीं करते?

## 350 सिलिंडर फटे, धमाकों से दहले लोग, बोले- लगा ज्वालामुखी फटा

बरेली-गांव रजऊ परसपुर के बाहर स्थित गैस गोदाम में सोमवार को आग लगने से दहशत फैल गई। धमाकों से गोदाम की छत उड़ गई। लगभग 350 से अधिक सिलिंडर फटे हैं। घटना इतनी भयावह थी कि ग्रामीणों का कलेजा कांप गया। बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी के गोदाम में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया। दोपहर करीब एक बजे सिलिंडर फटने से गैस एजेंसी में भीषण आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार सिलिंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया। करीब एक घंटे तक एक-एक कर सिलिंडर फटते रहे। धमाकों के साथ हवा में उड़े सिलिंडरों के टुकड़े करीब 500 मीटर के दायरे में खेतों में जाकर गिरे। वहीं, गोदाम से उठती लपटों को देख गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई। लोग बोले, ऐसा लगा जैसे ज्वालामुखी फटा हो। बताया जा रहा है कि घटना में 350 से अधिक सिलिंडर फटे हैं। ये सिलिंडर ट्रक में लदे थे। ट्रक के परखच्चे उड़ गए। गांव रजऊ परसपुर से करीब 500 मीटर दूरी पर इंडेन की महालक्ष्मी गैस एजेंसी का गोदाम बना है। एजेंसी के चौकीदार दिनेश चंद्र शुक्ला के मुताबिक गोदाम में

सिलिंडर से भरा ट्रक उतरने के लिए खड़ा था। ट्रक के बोनट में किसी तरह आग लग गई। चौकीदार ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आग नहीं बुझी तो वह गांव की ओर भाग खड़े हुए। ट्रक चालक भी भाग गया। बताया गया कि पहले ट्रक में रखा सिलिंडर फटा, फिर गोदाम में आग लग गई और धमाके होने लगे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। धमाकों की वजह से आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। घटना इतनी विकराल थी कि सिलिंडर के टुकड़े 500 मीटर दूर तक खेतों में गिरे। ग्रामीणों ने मोबाइल से घटना के वीडियो बना लिए। जिस गैस एजेंसी गोदाम में आग लगी है, वह सोमवार को बंद रहती है। गोदाम पर चौकीदार और ट्रक चालक ही थे। दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं गोदाम आबादी से काफी दूर है, जिससे जनहानि होने से बच गई।एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गांव रजऊ परसपुर के बाहर महालक्ष्मी गैस एजेंसी है। दोपहर करीब 12 बजे सिलिंडर से भरा ट्रक यहां आया था, जिसमें करीब 400 सिलिंडर थे। अनलोडिंग के लिए ट्रक गोदाम में खड़ा था। इसी दौरान धमाके साथ आग गई थी। आग पर काबू पा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुआ। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ AIMPLB का बड़ा एलान, देशव्यापी 'आंदोलन' की घोषणा की

एआईएमपीएलबी के बयान में कहा गया है कि बोर्ड ने एक विस्तृत राष्ट्रव्यापी आंदोलन योजना तैयार की है जिसके तहत सभी राज्यों की राजधानियों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। एआईएमपीएलबी ने कहा, %हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, मलेरकोटला (पंजाब) और रांची में प्रमुख रैलियां आयोजित की जाएंगी।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। एआईएमपीएलबी के कार्यालय सचिव मोहम्मद वकार उद्दीन लतीफी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, %17 मार्च को दिल्ली में बड़े पैमाने पर और सफल विरोध प्रदर्शन के बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।एआईएमपीएलबी ने तमाम संगठनों का जताया आभार एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता और वक्फ विधेयक के खिलाफ कार्रवाई समिति के संयोजक एसक्यूआर इलियास ने बोर्ड की ओर से सभी मुस्लिम संगठनों, नागरिक समाज समूहों और दलित, आदिवासी, ओबीसी और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, %अल्लाह की कृपा और इन समूहों के एकजुट समर्थन के बिना, दिल्ली के प्रदर्शन की सफलता संभव नहीं होती।% उन्होंने विपक्षी दलों और सांसदों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने न केवल बड़ी संख्या में भाग लिया, बल्कि प्रस्तावित कानून को दृढ़ता से खारिज भी किया। विधेयक के विरोध में एआईएमपीएलबी ने लिया संकल्प- एआईएमपीएलबी के बयान में कहा गया है कि एआईएमपीएलबी की 31 सदस्यीय कार्रवाई समिति ने विवादास्पद, भेदभावपूर्ण और नुकसानदायक विधेयक का विरोध करने के लिए सभी संवैधानिक, कानूनी और लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया है। आंदोलन के पहले चरण के तहत 26 मार्च को पटना और 29 मार्च को विजयवाड़ा में राज्य विधानसभाओं के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। देशव्यापी आंदोलन में कौन-कौन से संगठन लेंगे हिस्सा- इसमें कहा गया है कि एआईएमपीएलबी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इन प्रदर्शनों में भाग लेंगे। %नागरिक समाज के नेता, अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की प्रमुख हस्तियां और दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्गों के प्रमुख लोगों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। बयान में कहा गया है कि विभिन्न राजनीतिक दलों की तरफ से एआईएमपीएलबी की 31 सांसदों को चालू संसद सत्र में भाग लेने के लिए व्हिप जारी करने के बावजूद, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विपक्षी सदस्यों को भी धरना-प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। संगोष्ठी और धरने आयोजित किए जाएंगे और जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

## संपादकीय Editorial

### Your name for the name

Division of sacrifices is also possible, but today's politics has started showing this magic too. The budget session of Himachal Assembly covered the discussion with a chunni and saw the colors of politics even in sacrifice. When the matter reached to running schemes in the name of leaders, many foundation stone plaques got entangled. In this context, Atal Bihari Vajpayee's relation with Manali also remained in the news. Here name vs name was made, but work vs work did not happen. Of course, the Atal government made Himachal a hub of medicines today by giving industrial package or Indira Gandhi had shown the way to move forward to the state by giving full statehood status. Anyway, many political personalities are echoing in the naming of schemes, but the hero of Himachal did not get respect. With which national institution was the name of Himachal's hero attached? Bazir Ram Singh Pathania had revolted against the British before Mangal Pandey, but this historical fact has not got respect till date. As a warrior, Zorawar Singh proved his top position in every conquest of entire North India, but Himachal Pradesh did not remember him. It is a different matter that with the efforts of MLA Sudhir Sharma, a statue telling the tale of bravery of Zorawar Singh has been installed in Dharamshala. A long list of freedom fighters was written by the freedom fighters in various movements of Himachal, but in which corner of the capital Shimla do we find the names of revolutionary heroes marked. Late Pandit Sushil Ratan, father of MLA Sanjay Ratan and chairman of the Freedom Fighter Board, wrote the inscriptions of a state level freedom fighter memorial in Dharamshala, but till date this project has not come to light. Himachal has written many histories of sacrifices for the country and among these, the name of Major Somnath, who earned the first Param Vir Chakra for the country, becomes noteworthy, but have we built any military training academy or college of defense studies in the name of this warrior? Two big dam projects in Kangra and Bilaspur make human sacrifice in nation building unique, but they are not named after any Himachali hero. If we remembered the glorious moments of history, the name of Pong dam would have been associated with Bazir Ram Singh Pathania and the dam in the lap of Bilaspur with Zorabar Singh. Sacrifice does not need the support of any name, but the reasons for remembering all those who sacrificed their lives in the name of national interest are eternal. The irony is that the dimensions of our progress have started taking on political idols. The character of development has started getting divided among political parties. Our educational and medical institutions are now growing hiding their faces behind their political medals. If we ask who is the greatest doctor or surgeon of the state, then many people will be found looking away. The sacrifice of those employees should also be counted who end their lives while making electricity supply possible. The names of those who lose their lives in risky works are also included, so the definition of karma needs to be preserved. Till date we have not seen a college named after an educationist or a hospital or a medical college named after a doctor, but now the names of Himachali leaders have started to be associated with educational and medical institutions as a heritage, but the irony is that toys of power have started to be sold by pasting the names of leaders on half-constructed buildings. Despite the bad condition of the bus stand of Dharamshala, if it has been illuminated by dedicating it to a leader, then it is an insult or politics has become so poor. A good deed has been done by naming an auditorium in Una after Lata Mangeshkar, but not every building.

# Urbanization ignored, municipal bodies become a hub of politics

In our country, even those municipal bodies which have a huge budget, have limited civic amenities. There should be a thorough investigation as to why this is so and a concrete system should be made for this so that councillors and mayors help in ensuring proper development of cities. If necessary, councillors and mayors should be made accountable by changing the functioning of municipal bodies. Recently, in Raisina Dialogue, former CEO of NITI Aayog Amitabh Kant stressed on building sustainable cities to urbanize the country and said that cities are centers of development, innovation and prosperity. To show cities as centers of prosperity, he gave the example of Mumbai, whose gross domestic product i.e. GDP is more than the gross domestic product of 18 states. Similarly, the GDP of Gautam Buddha Nagar in Uttar Pradesh is 12 times more than Kanpur. This means that these cities are leading in terms of prosperity. To make India economically prosperous, there should be many Mumbai, Bengaluru, Hyderabad, Noida, Surat etc. in the country. Our policy makers should think about why this is not so, because in the coming times the population of cities will increase rapidly. Cities should not be developed properly only because their population is increasing. They should also be developed properly because they help in generating employment and take the economy forward. Today everyone is aware that cities are engines of development, but the work of beautifying and improving them seems to be out of the priority list. If we believe Amitabh Kant, given the current challenges of urbanization, India will have to build a new Chicago every five years. If anything becomes clear from the way he talked about reviving the existing cities, then it is that in our country, not enough attention is being paid to properly solving the challenges of urbanization. This is clearly visible. Despite all the efforts, our cities remain synonymous with unplanned development. The lack of civic amenities in them is increasing. They are getting surrounded by encroachment, traffic jams, waterlogging, pollution etc. Flyovers, underpasses, bypasses, etc. are seen being built in them, but in a short time they start proving to be inadequate. The reason for this is not only the increasing pressure of population, but also the lack of planned development. Due to the lack of long-term thinking in the construction of the infrastructure of cities, they become surrounded by problems. Although it is the job of the state governments to see that the infrastructure of cities improves, but the biggest responsibility lies with the municipal bodies. Unfortunately, they are lagging behind in discharging this responsibility. The main reason for this is that the public representatives of the municipal bodies do not do their work properly. They care more about how to make and increase their vote bank than the planned development of cities. For this, they also do such things, which increase the problems of the cities. Sometimes they advocate regularization of illegal slums, sometimes they are seen opposing the removal of encroachment. It is not hidden from anyone that our cities are becoming polluted, but the public representatives of the municipal bodies do not seem to have any agenda to deal with pollution. The pollution of cities shows that there is negligence at every level in the implementation of urbanization related schemes. Sometimes it seems that the public representatives of the municipal bodies neither realize themselves nor are they made to realize by anyone that their primary responsibility is to improve the infrastructure of the cities, to make the lives of the people living in them easier and to worry about how industries can flourish in them. It is clear that only when this happens, the cities will become centers of prosperity. The current situation is that they are not able to arrange the necessary funds to maintain the system of cleanliness, health, drinking water, sewage, public transport etc. The reason for this is the corrupt functioning of the municipal bodies. Everyone is aware of this, but no solution is being found. In our country, even in those municipal bodies which have a huge budget, the civic amenities are seen to be lacking. Why is this so, it should be thoroughly investigated and for this some concrete system should be made so that the councilors and mayors help in ensuring proper development of the cities. If necessary, councillors and mayors should be made accountable by changing the functioning of the municipal bodies. Some clear parameters should be made to determine accountability and they should be linked to their election process, so that the public can understand who not to vote for and also know who did not meet the criteria. Some mechanism should be developed to remove those public representatives who do not meet the criteria. What should happen is that municipal bodies should become a means of planned development, but what is happening is that they have become a hub of cheap politics. Like the public representatives of the municipal bodies, their officials should also be made accountable, because it is due to their short-sightedness and construction work done against the standards that cities face the lack of basic facilities. Our cities are in dire need of such town planners, who, while constructing any infrastructure project, can assess whether it will be able to bear the burden of increased population after 40-50 years or not? Such assessment is hardly done in our country. Usually an immediate solution to the problem is sought. If the problem is  If the desired results are not achieved from schemes like Art City, it is due to the inefficiency of the municipal bodies. Sometimes action is taken against the careless and corrupt officials of the municipal bodies, but councillors and mayors are rarely punished for irresponsibility. Until this situation is resolved, urbanization will remain challenging and our cities will not be able to attract economic activities. If this does not happen, it will be difficult to achieve the goal of a developed India. It would be better to understand that only properly developed cities will be able to lay the foundation of a developed India.

# Politics on delimitation, Stalin baking political bread

If anything is being proved by Stalin's attitude, then it is that he has his eyes on the assembly elections to be held in Tamil Nadu next year and he wants to divert the attention of the people of his state from those issues for which he can be held accountable. It is no secret that he is getting surrounded by allegations of nepotism and corruption. Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin, who is fueling the language dispute, by calling a meeting on delimitation, proved that with the intention of baking political bread, he is fueling another issue, which has no head or tail at the moment. It should be known that his allegation of imposing Hindi on Tamil Nadu under the National Education Policy is also to mislead the people of his state, because Hindi is not even mentioned in the three-language formula of this policy. It seems that only after being exposed on this issue, he has decided to take the matter of delimitation forward. He is busy making noise that if the only basis for determining delimitation is population, then the seats of southern states in Lok Sabha will decrease. This is an attempt to create fear, because it is not yet decided that the only basis for delimitation will be population. More important than this is that the need for delimitation will arise only when the census is done. Right now it is not known when the census will be done? Although the Prime Minister and the Home Minister have made it clear that no injustice will be allowed to be done to any state in delimitation, but Stalin is not at peace. He is busy creating such an atmosphere as if the announcement of delimitation on the basis of population has been made. Be it the matter of language or delimitation, if anything is being proved by Stalin's attitude, then it is that his eyes are on the assembly elections to be held in Tamil Nadu next year and he wants to divert the attention of the people of his state from those issues for which he can be held accountable. It is not hidden from anyone that he is getting surrounded by allegations of nepotism and corruption. He does not only want to take charge of the politics of the southern states. He also seems to be trying to take the reins of the politics of the opposition parties in his hands. I don't know why he has started feeling that he can become a big face of the opposition alliance INDIAA like Mamata Banerjee. He is unlikely to succeed in this, because Trinamool Congress did not participate in the meeting called for delimitation. YSR Congress also stayed away from this meeting. The fact is also that many leaders of opposition parties did not support his demand to stop delimitation for 25 years. Keep in mind that delimitation has been postponed twice before. The central government will have to be cautious that Stalin and the leaders standing with him are not able to do divisive politics on delimitation.

# फर्जी आधार केंद्र में बिना लाइसेंस के अपडेट हो रहे थे आधार, संचालक गिरफ्तार

**पुलिस ने छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड केंद्र को सील कराया, जांच तेज की**

मुरादाबाद- बिलारी नगर में अवैध तरीके से चल रहे आधार कार्ड सेंटर में बिना लाइसेंस के आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करके फर्जी आधार कार्ड केंद्र को सील कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला साहू कुंज में एक आधार केंद्र फर्जी तरीके से संचालित हो रहा था। जिसमें बिना लाइसेंस के ही आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे थे। रविवार को पुलिस ने शिकायत मिलने पर छापेमारी की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान संचालक से आधार कार्ड सेंटर चलाने की दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह दस्तावेज नहीं दिखा पाया। बाद पुलिस ने नायब तहसीलदार को मौके पर बुलाकर आधार कार्ड सेंटर को सील करा दिया। इस दौरान मौके से बायोमेट्रिक मशीन और अन्य दस्तावेज मिले हैं, पुलिस ने संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक अनुज सिंह की ओर से कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली थी कि साहू कुंज में चल रहे आधार कार्ड सेंटर पर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाए और अपडेट किए जा रहे है। जिसके लिए संचालक के पास कोई लाइसेंस नहीं है। पुलिस आरोपी संचालक को गिरफ्तार कर कोतवाली ले गई। वही उप निरीक्षक अनुज सिंह की तहरीर पर संचालक वाजिद मलिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बरेली एसएसपी की रिपोर्ट पर हटे ट्रेनी IPS रोहन झा...चूहों की बलि देकर खुदको बताया था कल्कि अवतार

मुरादाबाद- खुद को कल्कि अवतार बताकर चूहों की बलि देने वाले और कछुओं पर मोमबत्ती लगाने वाले ट्रेनी आईपीएस रोहन झा को मुरादाबाद से हटा दिया गया है। इससे पूर्व बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने उनकी भूमिका की जांच पूरी कर रिपोर्ट एडीजी के जरिये मुख्यालय भेजी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने रोहन झा को मुख्यालय से संबद्ध कर लिया है। दरअसल, जनवरी मध्य से मुरादाबाद में तैनात प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी रोहन झा एक दिलचस्प चर्चा का विषय बने हुए हैं। उनकी अजीबोगरीब हरकतों से उनके साथी व अधीनस्थ भी आश्चर्यचकित हैं। वह खुद को भगवान कल्कि का अवतार बताने लगे थे। वह कभी परेड ग्राउंड में गाड़ी दौड़ाते थे तो कभी चूहे की गर्दन काटकर उसे जीवित करने का दावा करते थे। आईपीएस रोहन झा के सहयोगी कर्मी उनके अचानक बदलने वाले स्वभाव से हैरत में थे। मीडिया के जरिये इस तरह की खबरें आने के बाद डीजीपी प्रशांत कुमार ने इसे गंभीरता से लिया था। इस बीच रोहन झा के अवकाश पर होने के कारण उनका बयान अभी दर्ज नहीं हो सका है। उनका बयान दर्ज कर आगे की भी कार्रवाई संभव है।

# मुरादाबाद मंडी समिति में अवैध अतिक्रमण हटाने बुलडोजर लेकर पहुंची प्रशासनिक टीम, व्यापारियों के उड़े होश...पीएसी और पुलिस तैनात

मुरादाबाद- मुरादाबाद मंडी समिति में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। बुलडोजर और टीम को देखकर व्यापारियों के होश उड़ गए। बड़ी संख्या में प्रशासनिक टीम के साथ पीएसी और मझोला थाने की पुलिस तैनात है। टीम को देखकर व्यापारी खुद से अपना अतिक्रमण को हटाने में जुट गए हैं। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय अजय मिश्रा और सीओ सिविल लाइंस कुलदीप के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी।

# संभल के सर्विलांस प्रभारी के खिलाफ वारंट जारी, जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए आजम खां

सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर मामले में गवाही के लिए संभल इंस्पेक्टर कोर्ट में पेश नहीं हुए। कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। यह मामला 2019 में डकैती और मारपीट के आरोपों से जुड़ा है।सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर मामले में गवाही के लिए संभल के इंस्पेक्टर रामवीर सिंह कोर्ट नहीं पहुंचे, जिस पर कोर्ट ने इस मामले उनके खिलाफ जमानतीय वारंट जारी कर दिया है। अब इस मामले की सुनवाई 27 मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान सपा नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीतापुर जेल से जुड़े।गंज थाने में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने वर्ष 2019 में सपा नेता आजम खां समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके साथ मारपीट की थी। साथ ही लूटपाट व डकैती का भी आरोप लगाया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इस मामले के विवेचक व गवाह तत्कालीन गंज थाना प्रभारी व मौजूदा समय में संभल में सर्विलांस प्रभारी के पद पर तैनात इंस्पेक्टर रामवीर सिंह यादव को कोर्ट में पेश होना था लेकिन वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुए जिस पर कोर्ट ने इस मामले में उनके खिलाफ जमानतीय वारंट जारी कर दिया। अब इस मामले की सुनवाई 27 मार्च को होगी। अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड-पासपोर्ट मामले में नहीं हुई सुनवाई- सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड व पासपोर्ट मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हुई। सोमवार को इस मामले में रिकार्ड पहुंचना था, लेकिन रिकार्ड नहीं पहुंचा, जिसकी वजह से सुनवाई टल गई। अब इस मामले की सुनवाई सात अप्रैल को होगी।

# समय पर करें इलाज तो टीबी की बीमारी से मिलेगा छुटकारा

## महानगर के चिकित्सकों ने टीबी की बीमारी पर दी विशेष जानकारी, मां में टीबी की बीमारी तो बच्चे को नहीं कोई खतरा

मुरादाबाद- बहुत से लोग टीबी की बीमारी होने पर उसे छिपा लेते है तो बाद में गंभीर बीमारी का रूप ले लेती है। अगर आप को टीबी बीमारी के लक्षण है तो तुरंत उसे चिकित्सक को दिखाएं, जिससे आप स्वस्थ रहेंगे और टीबी जैसी बीमारी पर भी रोकथाम लगेगी। 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि मौजूदा समय में टीबी की बीमारी का पूरी तरह से इलाज संभव है। अगर समय रहते इसका इलाज कर लिए जाए तो टीबी का मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है। इसलिए जिन लोगों को दो सप्ताह से अधिक की खांसी हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाए। टीबी बीमारी समय से डिटेक्ट होने पर इलाज मिल जाएगा तो यह ठीक हो जाएगी। इसके साथ ही मरीज और उसके परिवार के लोग भी सुरक्षित रहेंगे। लेकिन बहुत से लोग इसे छिपा और गंभीर कर लेते है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर महिला को टीबी है और उसका इलाज चल रहा है तो वो अपने बच्चे को दूध पिला सकती है। वहीं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु श्रीधर, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. पायल पुरी और डॉ. प्रतीक गर्ग ने शिशुओं को होने वाली टीबी के बारे में बताया कि मां का नियमित उपचार चल रहा है और उसकी स्थिति दूसरों को संक्रमित करने वाली नहीं है तो एहतियात बरतकर शिशु को स्तनपान करवाया जा सकता है। यदि संक्रमण की स्थिति में है तो फिर मां के द्वारा निकाले गए ब्रेस्ट मिल्क को परिजनों की मदद से शिशु को पिलाया जा सकता है। हालांकि, इसमें मरीज की स्थिति और उसके उपचार के आधार पर निर्णय चिकित्सक की सलाह पर ही लेना चाहिए। चिकित्सकों का कहना है कि टीबी स्तन के दूध से नहीं फैलती। यह एक हवाई बीमारी ( वायु जनित रोग ) है जो खांसी, छींक या बात करने से हवा में फैलती है। किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को हो सकता है क्षय रोग आईएमए की अध्यक्ष डॉ. प्रीति गुप्ता ने बताया कि टीबी किसी भी आयु वर्ग या आर्थिक स्थिति के व्यक्ति को हो सकती है। यह बीमारी वायु जनित है और किसी भी व्यक्ति को हो सकती है जो टीबी बैक्टीरिया के संपर्क में आता है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो टीबी बैक्टीरिया के संपर्क में आने से होती है। यह बीमारी पारिवारिक नहीं है और किसी भी व्यक्ति को हो सकती है। यदि रोगी का इलाज समय पर और सही तरीके से किया जाए तो वह जल्दी ही स्वस्थ हो सकता है और समाज में अपनी भूमिका निभा सकता है। संक्रमण से हो सकती है निसंतान की समस्या आईएमए की सचिव डॉ. सुदीप कौर ने बताया कि टीबी के संक्रमण की वजह से निसंतान की समस्या भी हो सकती है। 20 से 30 प्रतिशत दंपती की जब हम जांच करते है तो ट्यूबरक्लोसिस का संक्रमण पाया जाता है। टीबी महिलाओं में नलों पर इफेक्ट करती है। जिससे नले सिकुड़ जाते है और बंद हो जाता है। अन्यथा ट्यूबरक्लोसिस की वजह से एंडोमेट्रियम पर भी टीबी इफेक्ट करती है, जिससे वह कम बनती है। जिससे बच्चा ठहरने में दिक्कत होती है। बच्चे से अलग रहना चाहिए और सीधे स्तनपान से बचना चाहिए यदि मां को टीबी का इलाज शुरू हो चुका है और वह कम से कम 2 सप्ताह से दवाइयां ले रही है तो वह अपने बच्चे को सुरक्षित रूप से स्तनपान करा सकती है। टीबी के बैक्टीरिया ( माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्यूलोसिस ) स्तन के दूध के माध्यम से बच्चे में नहीं फैलते। हालांकि, अगर मां का टीबी अनुपचारित और सक्रिय है तो उसे कुछ समय के लिए बच्चे से अलग रहना चाहिए और सीधे स्तनपान से बचना चाहिए। -डॉ. नूपुर सिंह, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ। नियमित जांच और उपचार से मरीज स्वस्थ हो सकते हैं एमडीआर ( मल्टी ड्रग रजिस्टेंस ट्यूबरक्लोसिस ) को आम भाषा में बिगड़ी हुई टीबी कहा जाता है। इसमें मरीजों के बचने का रेट 50 फीसदी है। हालांकि, नियमित जांच और उपचार से मरीज स्वस्थ हो सकते हैं। आमतौर पर एमडीआर टीबी तभी बनती है, जब सामान्य टीबी का निर्धारित कोर्स को नियम से पूरा नहीं किया जाए।-डॉ. वैभव गुप्ता, छाती एवं सांस रोग विशेषज्ञ इम्युनिटी कम होने से मानसिक बीमारियां बढ़ती हैं- टीबी से मानसिक बीमारियों के बढ़ने की आशंका रहती है। इसकी एक वजह सामाजिक सहयोग नहीं मिल पाना है। इससे मरीज को डर, घबराहट, उदासी, निराशा बढ़ जाती है। इम्युनिटी कम होने से मानसिक बीमारियां बढ़ती हैं। दवाइयों का असर अवसाद और मानसिक उन्माद का शिकार बना देता है। ऐसे में मनोरोग विशेषज्ञ की मदद लेनी चाहिए।-डॉ. नीरज गुप्ता, मनोरोग विशेषज्ञ टीबी बीमारी के लक्षण लगातार 2 सप्ताह से अधिक खांसी बुखार, थकान व वजन का घटना रात में पसीना आना खांसी में खून आना सांस लेने में तकलीफ

## संक्षिप्त समाचार

# हत्याकांड में सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर की भूमिका संदिग्ध, शुरू हुई जांच

मुरादाबाद- सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर वीर सिंह हत्याकांड में रिटायर्ड बैंक मैनेजर की भूमिका संदिग्ध है। पुलिस द्वारा कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट के साथ लगाई गई सीडीआर की मृतक की अधिवक्ता बेटी ने रिव्यू किया तो रिटायर्ड बैंक मैनेजर की आरोपित महिला से लगातार बातचीत होने की बात सामने आई।पुलिस द्वारा विवेचना के बाद दाखिल की गई चार्जशीट के माध्यम से ही रिटायर्ड बैंक मैनेजर की भूमिका हत्याकांड में सामने लाकर मृतक की अधिवक्ता बेटी ने पुलिस की जांच में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एसएसपी ने इस हत्याकांड की दोबारा से जांच शुरू करा दी है। तीनों आरोपी इस समय जेल में है और महिला आरोपी की हाईकोर्ट से भी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।

थाना मझोला क्षेत्र के मानसरोवर निवासी सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर वीर सिंह का शव 16 अगस्त वर्ष 2024 की रात मैनाठेर क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मिला था। शुरुआत में पुलिस इस मामले को हादसा मान रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो पता चला कि वीर सिंह की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की जांच में एक संदिग्ध कार सीसीटीवी कैमरों में मृतक बैंक मैनेजर की बाइक का पीछा करते हुए नजर आई थी। पुलिस ने कार के नंबर प्लेट से इसकी आगे की पड़ताल की तो कार में एक महिला और दो लोगों के बारे में जानकारी मिली। कार सवार तीनों लोग अपने-अपने मोबाइल घर छोड़कर आए थे। जिससे लोकेशन ट्रेस न हो सके, लेकिन पुलिस जांच के दौरान तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया था कि इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी मनोज कुमार अमरोहा में यूपी ग्रामीण बैंक पपसरा में ब्रांच मैनेजर हैं। मृतक वीर सिंह मनोज से परिचित थे और नौकरी के दौरान दोनों में अच्छे संबंध थे, लेकिन वीर सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद किसी का लोन कराने के लिए दोनों के बीच विवाद हो गया था।

विवाद के बाद दोनों रंजिश मानने लगे थे। मनोज सेवानिवृत्त मैनेजर से इतनी रंजिश मान बैठा की उसने वीर सिंह की हत्या करने का मन बना लिया। इसके लिए मनोज ने अपनी परिचित वीरबाला यादव से वीर सिंह को हनी ट्रैप में फंसवाया और चार माह तक साजिश करते रहे। 16 अगस्त को मनोज अपने दोस्त अनिल कुमार गुप्ता साजिश में शामिल में किया और वीरबाला यादव को वीर सिंह के पास मिलने के लिए भेज दिया। महिला मुरादाबाद क्षेत्र में पहुंची और वीर सिंह को बुला लिया था। महिला वीर सिंह के साथ बाइक से वहां पर पहुंच गई, जहां पहुंचना तय हुआ था।

दोनों बाइक रोककर सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत करने लगे थे। इसी बीच कार से पहुंचे मनोज, अनिल कुमार गुप्ता व वीरबाला ने वीर सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले तीनों आरोपियों को जेल भेजने के बाद एक अक्टूबर को विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी। मृतक की बेटी मानसी चौधरी अधिवक्ता हैं तो उन्होंने पुलिस द्वारा दाखिल की गई

चार्जशीट और तीनों आरोपियों की मोबाइल सीडीआर का रिव्यू करना शुरू कर दिया। सीडीआर की रिव्यू किया तो जानकारी मिली की एक सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर इस हत्याकांड के दिनों में तीनों आरोपियों के संपर्क में था। रिटायर्ड बैंक मैनेजर तीनों आरोपियों से फोन पर बात कर रहा है। ऐसे में मृतक की अधिवक्ता की बेटी को रिटायर्ड बैंक मैनेजर की भूमिका संदिग्ध लगी तो वह एसएसपी सतपाल अंतिल से मिली। एसएसपी ने पूरे मामले की जानकारी करके जिन बिंदुओं पर वह दोबारा से जांच चाहती वह शुरू करा दी।

दोबारा से मैनाठेर पुलिस इस हत्याकांड में सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर की भूमिका की जांच कर रही है। इस संबंध में एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि पीड़ित ने कुछ बिंदुओं पर जांच कराने की मांग की थी। उन बिंदुओं पर दोबारा जांच शुरू कराई गई है। हत्याकांड में रिटायर्ड बैंक मैनेजर की भूमिका है। जिन दिनों हत्या हुई उस दौरान मैनेजर की लगातार आरोपियों से बात हुई है। इसमें हमने एसएसपी से शिकायत की है। शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। जब आरोपी वीरबाला ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की तो मैनेजर की बातचीत का रिकार्ड हमने कोर्ट में दाखिल किया है- मानसी चौधरी, मृतक की अधिवक्ता बेटी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# इनरव्हील साउथ की मेंबर्स ने मनाई हसबैंड नाइट

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। इनर व्हील क्लब बरेली साउथ के द्वारा हस्बैंड नाइट का आयोजन एग्जीक्यूटिव क्लब में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें इनर व्हील सदस्यों के पतियों को सादर आमंत्रित किया गया था। इस आयोजन की थीम रेट्रो थी। जिसमें सब सदस्याऐ बड़े सुंदर परिधानों में सज-संवर कर आई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वन मंत्री डॉ अरुण कुमार जी के द्वारा किया गया। इस अवसरपर उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब बरेली साउथ बरेली ही नहीं अपितु आसपास के भी शहरों में एक अग्रणी क्लब है उन्होंने कहा की जब पोलियो की दवा पिलाने के लिए गांव-गांव जाते थे तो उनके साथ इनर व्हील साउथ की सदस्याऐ भी कंधे से कंधा मिलाकर साथ जाती थी और गांव वालोंके बच्चों को दवा पिलाने के लिए समझाती थी।

साथही इस अवसर पर क्लब की चार्टर अध्यक्ष डॉ कंवल मेहरा, चार्टर मेंबर्स तथा क्लब के पूर्व अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। पीडीसी, पीएटी डॉ कंवल मेहरा ने बताया कि इनर व्हील साउथ समाज सेवा के कार्यों में हमेशा से अग्रणी रहा है इस बार बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन भी लगवाई गई है। पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रेनू अग्रवाल ने कहा कि इस क्लब को एक बट वृक्ष की तरह बनाने में सभी का योगदान रहा है। मंच का संचालन ममता तनेजा तथा शिवानी जैन के द्वारा बड़ी खूबसूरती से किया गया। क्लब अध्यक्ष रूबी तनेजा के द्वारा कार्यक्रम को बहुत ही व्यवस्थित तरीके से तैयार किया गया । सचिव मनीषा मेहरा ,निधि अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, प्रीती जिंदल ,स्वीटी मित्तल, नीना टंडन, रोशनी अग्रवाल, अर्चना मलिक, स्वस्ति जायसवाल, नीता अग्रवाल, मनीषा पांडे, रंजना ठाकुर, भावना अग्रवाल आदि का पूर्ण सहयोग रहा । हसबैंड नाइट में रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉक्टर रवि मेहरा, अप्रूव गुप्ता, राजीव तनेजा, अजय जसोरिया, अशोक ठाकुर, अनूप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पंकज जैन, संजय अग्रवाल , संजीव खंडेलवाल, संदीप मेहरा मौजूद रहे ।

# डोली से पहले उठी अर्थी, शोहदों ने छेड़छाड़ की तो फंदे से झूल गई आहत युवती; मां ने दी नामजद तहरीर

मां ने बताया कि बेटी का विवाह तय हो गया था। 18 अप्रैल को तिलक एवं 30 अप्रैल को बरात आनी थी। रविवार शाम को वह दवा लेने गई थी। रास्ते में गांव के ही दो शोहदों ने उससे छेड़छाड़ की। घर आकर उसने यह बात बताई। सुबह मनचलों के घर जाकर बात करने का सोचा था। इससे पहले ही बेटी ने जान दे दी। यूपी के श्रावस्ती में शोहदों से परेशान युवती ने फंदे से झूलकर जान दे दी। घरवालों ने देखा तो वह चीख पड़े। शोर सुनकर पहुंचे गांव के लोग परेशान मां को ढांढस बंधाते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना इकौना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। गांव निवासी युवक दो माह पूर्व मजदूरी करने दिल्ली गया था। घर पर उसकी पत्नी एवं पुत्री रहती थी। रविवार की रात बेटी का शव कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता मिला। लाश देख मां की चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर गांव के लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना करके साक्ष्य संकलित किए। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।मामले में मां ने गांव के ही दो शोहदों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। सीओ सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोप की पुष्टि होने पर आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पंजाब मेल से पाकिस्तान की महिला शहनाज का पर्स चोरी, बरेली जीआरपी तलाश में जुटी

पाकिस्तान के कराची में रहने वाली महिला पंजाब मेल से बरेली अपने मायके आ रही थीं। चलती ट्रेन में उनका पर्स चोरी हो गया। महिला ने बरेली पहुंचकर जीआरपी थाने में तहरीर दी है। अमृतसर-हावड़ा के बीच चलने वाली 13006 पंजाब मेल से पाकिस्तान की महिला का पर्स चोरी हो गया। महिला ने बरेली के जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। बरेली जीआरपी जांच कर रही है। पर्स रामपुर के पास चोरी हुआ था। ेली में है मायका - पाकिस्तान के कराची के देहली मेंशन नाथ वार्स रोड निवासी शहनाज बेगम पत्नी शहिद हुसैन की बरेली के बारादरी क्षेत्र में मायका है। शहनाज अपनी बीमार मां को देखने के लिए पाकिस्तान से रविवार को अमृतसर पहुंची थीं। वहां से शाम 6ञ्36 मिनट पर चलने वाली पंजाब मेल में बरेली के लिए सवार हुईं। वह ट्रेन के कोच नंबर बी-2 की सीट नंबर पांच पर थीं। ट्रेन सोमवार तड़के 5ञ्30 बजे रामपुर पहुंची। इससे पहले शहनाज को नींद आ गई। ट्रेन के बरेली पहुंचने से पहले उनकी आंख खुली तो देखा की उनका पर्स गायब था।

# शादी का झांसा देकर ब्यूटी पार्लर संचालिका से बनाए संबंध, गिरफ्तार

शादी का झांसा देकर युवक ने ब्यूटी पार्लर संचालिका से संबंध बनाए। शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।गुजैनी में ब्यूटी पार्लर संचालिका को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी गुजैनी निवासी अभय विश्वकर्मा को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ पीड़िता ने गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।पीड़िता के मुताबिक कुछ साल पहले एक कार्यक्रम के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोस्ती और नजदीकियां बढ़ गईं। इसके बाद आरोपी ने कई बार मनमानी की।हालांकि शादी की बात करने पर आरोपी हर बार टाल जाता। दबाव बनाने पर गालीगलौज और मारपीट करता। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि पीड़िता ने दिसंबर 2024 में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से पुलिस को उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह उसे टाटमिल चौराहे से गिरफ्तार किया गया था।

# संभल हिंसा- जामा मस्जिद सदर की जमानत अर्जी कोर्ट में दाखिल, 27 मार्च को सुनवाई, वकीलों ने पुलिस पर उठाए सवाल

संभल बवाल में गलत बयानबाजी के आरोप में गिरफ्तार जफर अली एडवोकेट की जमानत अर्जी न्यायालय में पेश की गई। इसकी सुनवाई अगली तारीख 27 मार्च को होगी। वकीलों ने विशेष सुनवाई के लिए कमेटी बनाकर प्रार्थना पत्र दिया। संभल बवाल में गलत बयानबाजी करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किए गए सदर जफर अली एडवोकेट की जमानत अर्जी सोमवार को जनपद न्यायालय में प्रस्तुत की गई। जमानत पर अगली तारीख 27 मार्च सुनवाई के लिए निर्धारित की गई है। रविवार को वकीलों ने सदर की जमानत अर्जी पेश की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।रविवार को जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अधिवक्ता आंदोलित हो गए। सोमवार को चंदौसी बार एसोसिएशन के बैनर तले एक आम सभा का बार सभागार में आयोजन किया गया। जिसमें जफर अली एडवोकेट की जमानत की अर्जी पर सुनवाई जल्द से जल्द कराने के लिए योजना बनाई गई।जिसके अंतर्गत हड़ताल होने के बावजूद विशेष सुनवाई के लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने जनपद न्यायालय में जमानत अर्जी की सुनवाई के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जमानत अर्जी जनपद न्यायालय से स्थानांतरित होकर एडीजे निर्भय नारायण राय के न्यायालय में पेश हुई। जहां न्यायालय ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 27 मार्च की तिथि निर्धारित कर दी। न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल बार एसोसिएशन चंदौसी के अधिवक्ता जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट को जेल भेजे जाने पर लामबंद हो गए हैं। जिसको लेकर सोमवार की सुबह 11 बजे बार सभागार में अधिवक्ताओं की एक सभा हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने कमेटी का गठन कर सदर जफर अली की जमानत अर्जी पर सुनवाई को लेकर बल दिया। इस दौरान अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। सभा को संबोधित करते हुए बार अध्यक्ष मो. नजर कुरैशी ने कहा कि पुलिस द्वारा जिला न्यायालय को छावनी बना दिया गया। अधिवक्ता को गुनहगार बताते हुए गलत रूप से जेल भेज दिया गया। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जफर अली को ऐसे मुकदमे में पकड़ कर लाया गया, जिस एफआईआर में उनका नाम ही नहीं था और गलत तरीके से धाराएं बढ़ा कर जेल भेज दिया गया। सगीर सैफी ने कहा कि आज हम हड़ताल करें तथा एक कमेटी का गठन किया जाए। जिसको बार के पदाधिकारी अनुमति देकर जफर अली एडवोकेट की अर्जी पर सुनवाई करवाएं। पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि प्रशासन बेलगाम है। सभा को संबोधित करने वालों में विनय राज, संजय शर्मा, श्रीगोपाल शर्मा, मिक्की मियां, नितिन सिंह विक्की थे। जिन्होंने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर राजेश कुमार यादव, रमेश चंद्र शर्मा, शकील अहमद वारसी, मो. मलिक, विकास राघव, सुभाष यादव, तीरथ राज यादव, दयासिंधु यादव, महेश यादव, अनिल कुमार तुरैहा, नदीम अहमद, रामरहीश, गोपेश कुमार, उमाकांत, राहुल चौधरी, किरन शर्मा, योगेश कुमार सिंह समेत तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता बार अध्यक्ष मो. नजर कुरैशी व संचालन सचिव सचिन गोयल ने किया। कमेटी यह अधिवक्ता हैं शामिल सोमवार को हुई बार एसोसिएशन की सभा में कमेटी का गठन किया गया।

# राज्य मंत्री का स्वागत -सम्मान किया

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।एम 0एल 0सी 0सभापति सुरेंद्र चौधरी , विधान परिषद संसदीय अध्ययन समिति उत्तर प्रदेश का बरेली में प्रथम बार आगमन पर जोरदार स्वागत- सम्मान करने सर्किट हाउस बरेली पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाबगंज विनोद दिवाकर रिठौरा चेयरमैन शकुंतला देवी, धनपाल सिंह, समाजसेवी दिनेश भास्कर, साथ में रहे अनुसूचित जाति सभासद नीरज कुमारी,पीलीभीत एमएलसी प्रतिनिधि सत्येंद्र चौधरी ,मनोज चौधरी पूर्व प्रधान जितेंद्र दिवाकर , नितेश भास्कर गोपाल भास्कर सहित तमाम पदाधिकारीयों ने स्वागत -सम्मान किया।

# विश्व टीबी दिवस पर हुई विशेष जागरूकता संगोष्ठी

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।विश्व टीवी दिवस पर नगर के रूहेलखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जन-जागरूकता संगोष्ठी का सोमवार को आयोजन किया गया।एच0ओ0डी0 डॉ रश्मि कत्याल, डॉ हसन जैदी ने अपने -अपने व्याख्यान में टीवी के होने के कारण और बचाव विषय पर जागरूक करते हुए। बीड़ी, सिगरेट तंबाकू,शराब आदि का नशा न करने के साथ ही टीवी के मरीजों को निशुल्क दवा लेने तथा पूरा कोर्स करने पर यह बीमारी जड़ से खत्म हो जाती है। इस दौरान डॉ अनिकेत शुक्ला, डॉ अरबाब हाशमी, डॉ अम्बिका रॉय, डॉ अभिलाषा जागलान, डॉ अभिषेक यादव, डॉ अमन गर्ग, डॉ आदिति नारायण, डॉ अजयवीर हसन, डॉ आदिति ब्रमान, कासिम हुसैन,पूजा शर्मा, दीपमाला, अरमान,अनुराधा,मंजू,नेहा,वेदपाल, राजीव सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# होली मिलन समारोह में फूलो से खेली होली, समाज के लोगो ने लिया धूमधाम के किया कार्यक्रम का समापन

क्यूँ न लिखूँ सच

किच्छा - जोशी ब्राह्मण महा सभा यू.पी. × उत्तराखण्ड के वेनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन किच्छा में संपन्न हुआ जिसमे समाज के लोगो ने दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर भगवन परशुम की आरती की और फूलो की होली खेलते हुए आपस में होली की शुभकामनाएं दी जोशी ब्राह्मण महा सभा यू.पी. × उत्तराखण्ड द्वारा संचालित किया गया मनमोहक कार्यक्रम होली मिलन समारोह बार्षिक महोत्सब हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश चन्द शर्मा ने कहा - सर्व प्रथम समाज में फैली कुरीतियो को खत्म करके शिक्षा व्वस्था पर ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है हमें अपने समाज को शिक्षित कर समाज में बदलव




लाना है उसके बाद विशेष सचिव सुखराम जोशी ने कहा की हमे समाज के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए ताकि समाज आगे और तरक्की करे उधमसिंह नगर जिला अध्यक्ष राजीप जोशी बोले की हमें अपने समाज की हर समस्या कर ध्यान देते हुए उसे सुधार करना हम सब का कर्तव्य है और समस्त जोशी समाज ने पत्येक जिला कार्यकारणी को विशेष कार्यक्रम करने को जोर दिया गया जलपान की पूर्ण व्यस्था समाज के लोगो ने की बच्चों ने इस दौरान होली के भजनों पर नृत्य किया

इस कार्यक्रम में मुरादाबाद से मण्डल अध्यक्ष अरविन्द जोशी ,आगरा मण्डल अध्यक्ष अरुण जोशी,सूर्य प्रकाश अरविन्द ,अमित , राकेश,जीतेन्द्र , सुरेश( रुद्रपुर), राकेश ( रुद्रपुर ) प्रमोद, ललित,विनोद, सन्नी, ब्रजेश कुमार , उमेश,अजय. अरविन्द( पिंटू ) राजू,मुनीश, रामू, महेश पांडे, प्रदीप, अखिलेश,अमन आदि समाज के लोगो ने प्रतिभाग किया

